तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

11 पटेल समाज मेहनतकश समाज: विधायक

12 ढोल-नगाड़ों की थाप पर बच्चों-बुजुर्गों की टोलियां...

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

खबर संक्षेप

श्री राजीव लोचन मंदिर में संगीत संध्या आज

राजिम। श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में 4 दिसंबर को दोपहर 3 से 5 बजे तक संगीत संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर रायपुर के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर अजय नागराज द्वारा मोहन (वीणा) गिटार का मधुर एवं भावपूर्ण वादन होगा। तबले पर पंडित कमल मुखर्जी संगत करेंगे। यह संगीत संध्या शास्त्री संगीत प्रेमियों एवं भक्तों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांगीतिक अनुभूति प्रदान करेगी । मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि कमला देवी संगीत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर दीपक बेडेकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं उक्त कार्यक्रम श्री राजीव लोचन आञ्जनेय सुंदरकांड भजन संध्या समिति राजिम द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर ,वरिष्ठ ट्रस्टी श्रवण सिंह ठाकुर ,बैकुंठ ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पुजारी समिति अध्यक्ष रामकुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मोहरेंगा मड़ई आज

नवापारा-भेण्डरी। ग्राम मोहरेंगा में 4 जनवरी रविवार को मड़ई मेला का आयोजन होने जा रहा है। रात में ओनवा रवेली के छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है यह जानकारी खिलेश्वर पटेल ने दी।

चंद्रसुर मड़ई 9 को

नवापारा-भेण्डरी। गौरव ग्राम चंद्रसुर में 9 जनवरी को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। रात में नवरंग मौलीभांठा उड़ीसा के नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच देवचरण साहू ने दी।

लोहरसी में मड़ई मेला और लोक कला महोत्सव 6 को

न्यूज़ कोपरा। समीप पथ ग्राम लोहरसी में 6 जनवरी को छत्तीसगढ़ी लोककला मंच संझा बिहिनिया साहित्य समिति युवा मित्र मंडल पंजीयन 2328 व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से लोक कला महोत्सव व मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे सुश्री मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म वि. नि. संस्कृति परिषद फिल्म अभिनेत्री राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त साथ ही स्वागत में रहेंगे शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद वही अतिथियों के विशेष स्वागत पर रहेंगे क्षेत्र के होनहार लाडले मिलनसार जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक वही विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे। पुष्पा जगन्नाथ साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, रूप सिंह साहू सामाजिक कार्यकर्ता जिला गरियाबंद, अभिलाषा बेहरा सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ शासन, नीता सोहन साहू जनपद सदस्य के उपस्थिति में भव्य लोक कला महोत्सव व मडाई मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने अपील किया है की बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

महिला से मारपीट

महासमुंद। महिला से मारपीट की शिकायत पर सिटी कोतवाली में आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया प्रियस्का जोशी पति विकास जोशी ने बताया कि वह किराये के मकान अयोध्या नगर महासमुंद में अपने पति विकाश जोशी व अपने तीन साल के बेटे के साथ रहती है।

कार्रवाई : ओडिशा की ओर से पिकअप वाहनों में धान भरकर बिक्री के लिए लाया जा रहा था

चौकस निगरानी, ओडिशा सीमा पर दो माह में 91 लाख का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच, गरियाबंद पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के कारोबार पर नकेल कस दी है। 02 और 03 जनवरी को पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाए जा रहे 115 कट्टा अवैध धान को जब्त किया है। पुलिस की इस सक्रियता से कोचियों और बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से बोलेरो पिकअप वाहनों में अवैध धान भरकर बिक्री के लिए लाया जा रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए देवभोग थाना की पुलिस टीम ने बोलेरो पिकअप (ओडी 26-3883) से 60 कट्टा (24 क्विंटल) अवैध धान जप्त किया। अमलीपदर थाना में पुलिस ने एक अन्य बोलेरो पिकअप (ओडी-10-एम-0487) की तलाशी ली, जिसमें 55 कट्टा (24.75 क्विंटल) धान पाया गया। कुल 115 कट्टा (48.75 क्विंटल) धान, जिसकी कीमत लगभग 1,51,125 रुपये आंकी गई है, को वाहनों सहित जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

आंकड़ों में जिला पुलिस की सफलता

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बॉर्डर चेक पोस्ट पर तैनात बल ने पिछले एक माह और 25 दिनों में रिकॉर्ड कार्रवाई की है। कुल जप्त धान 2960.25 क्विंटल (6893 कट्टा)। कुल कीमत 91,76,775 (91 लाख 76 हजार) रुपये। पकड़े गए वाहन में 54 चार पहिया वाहन और 4 लावारिस वाहन (कुल 58 प्रकरण)।

बॉर्डर पर कड़ी निगरानी

छत्तीसगढ़ शासन के नियमों के अनुसार, धान की खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से ही केंद्रों में की जानी है। बाहरी राज्य का धान खपाने की कोशिश को रोकने के लिए जिले के आला अफसरों ने चेक पोस्ट पर तैनात जवानों को सख्त निर्देश दिए हैं। देवभोग और अमलीपदर थाना प्रभारियों ने स्पष्ट किया है कि वैध कागजात के बिना धान परिवहन करने वालों पर यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मांस व हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग क्षेत्रों में अवैध शिकार की रोकथाम के लिए वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वनजीव) के मार्गदर्शन में जंगलों में नियमित पेट्रोलिंग और जांच की जा रही है। इसके तहत पूरे क्षेत्र में वन विभाग की टीमें सतर्क रहकर कार्रवाई कर रही है। परसुली रेज में वन विभाग को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर 1 जनवरी को ग्राम कोपेकसा में बड़ी कार्रवाई की गई। सर्व वारंट के तहत सहायक वन संरक्षक नदीम कृष्णा बरिहा, आरके साहू, शिव प्रसाद ध्रुव के संयुक्त में कोपेकसा निवासी नंदू पिता महेत्तर ठाकुर के निवास पर छापामार कर कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान नंदू ठाकुर के घर से भारी मात्रा में वन्यजीव का कच्चा तथा पका हुआ मांस बरामद किया गया। इसके साथ ही एक लाइसेंसी भरमार बंदूक, एक एयर गन तथा अन्य हथियार भी जब्त किए गए। बरामद मांस के नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत नंदू ठाकुर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल में राज्य में अवैध शिकार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की गई है तथा अवैध शिकार पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के फलस्वरूप जिला सहित क्षेत्र में छापामार कार्रवाइयां की जा रही है, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मालूम हो कि नंदू के पिता मेहत्तर ठाकुर पूर्व में तेंदुआ खाल में पकड़े जाने के कारण जेल जा चुका है। वहीं कृत्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

रेत लदे बेकाबू हाईवा का तांडव, नशे में धुत चालक ने दुकानों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में शुक्रवार की रात एक बार फिर दैत्याकार हाईवा का कहर देखने को मिला। रेत से लोड तेज रफ्तार दैत्याकार हाईवा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर खतरनाक तरीके से दौड़ने लगी थी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। गनीमत रहा कि हाईवा किसी राहगीर को चपेट में नहीं ले सका, जिससे लोगों की जान बाल-बाल बच गई। हालांकि हादसे के दौरान सड़क किनारे स्थित नगर पालिका कॉप्लेक्स, फर्नीचर और अन्य दुकानों को नुकसान जरूर पहुंचा है। दुकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वाहन कितनी तेज रफ्तार में थी, जबकि चालक नशे में इतने धुत थे कि केबिन में ही बेहोश जैसे हो गए। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में नगरवासी जमा हो गए। प्रतिबंधित समय में रेत से भरी हाईवा के शहर के भीतर चलने से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। आक्रोशित भीड़ ने चालक की जमकर पिटाई कर दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किए। घटना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन ▶▶| शेष पेज 10 पर

डकैत गिरोह की आहट, आधी रात को हथियारों के साथ दिखे 8 संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 28 दिसंबर की रात 2 बजे हथियार बंद लोगो को सदर बाजार में चहलकदमी करते देखा गया है जिससे नागरिको एवं व्यापारियो में भय व्याप्त हो गया है। नगर में यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि आधी रात के बाद 6 से 8 की संख्या में कुछ संदिग्ध लोग समूह में नगर की गलियों और मुख्य मार्गों पर घूमते देखे जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन लोगों के हाथों में हथियार होने की जानकारी भी सामने आ रही है। हालांकि अभी तक इस संबंध में किसी आधिकारिक घटना की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नगर के मुद्दे ग्रुप सोशल मीडिया में यह मुद्दा तेजी से वायरल हो रहा है। नागरिकों के बीच भय का माहौल है और लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर ये कौन लोग हैं, किस उद्देश्य से आधी

रात के बाद नगर में घूम रहे हैं और क्या नगर की कानून-व्यवस्था पर किसी तरह का खतरा मंडरा रहा है? स्थानीय नागरिकों का साफ कहना है कि यह केवल अफवाह मानकर टालने का विषय नहीं है। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह सीधे-सीधे नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर छपने के बाद जर्जर धुरवापारा मगरलोड सड़क की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के विभिन्न क्षेत्रे में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण किए गए सड़क समय से पहले उखड़ने और जर्जर होने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। 16 दिसम्बर को हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ धुरवापारा मगररोड़ा सड़क दो साल के भीतर ही जर्जर होने की खबर प्रकाशित किया था जिसके बाद विभाग के अफसर मौके पर पहुंचकर जहां निरीक्षण किये वही सड़क जर्जर होने के कारण उनके द्वारा ओवरलोड वाहनो के चलने को बताया जा रहा है तो वहीं ग्रामीणों ने इसे गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण का परिणाम बता रहे है। बहरहाल खबर प्रकाशन के बाद सड़क मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार देवभोग क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी धुरवापारा तेल नदी उड़ीसा सीमा तक की लगभग 2.3 किमी ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर का असर

भारी वाहन निषेध, फिर भी हाईवा की धड़ल्ले से आवाजाही

सड़क के मुहाने पर साफ लिखा है भारी वाहनों का आवागमन निषेध, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट है। ग्रामीणों के मुताबिक रोजाना 50 से 60 भारी हाईवा ट्रक, गिट्टी और मुरूम लेकर इसी सड़क से उड़ीसा की ओर बेखौफ गुजर रहे हैं। देवभोग मुख्यालय, जहां पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग के कार्यालय मौजूद हैं, वहीं से यह सब होना प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल खड़ा करता है। जब सड़क की बदहाली की तस्वीरें प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था और ग्रामीणों ने जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर में शिकायत दर्ज कराई, तब जाकर विभाग जागा। उसी दिन प्रधानमंत्री सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में सड़क की खराब स्थिति की पुष्टि हुई निरीक्षण के दौरान दिखे प्रतिबंधित हाईवा ट्रक चौंकाने वाली बात यह रही कि निरीक्षण के समय स्वयं ईई ने भारी हाईवा ट्रकों को उसी सड़क से उड़ीसा की ओर जाते देखा, जबकि भारी वाहनों पर प्रतिबंध का बोर्ड पहले से लगा है। यह दृश्य साफ तौर पर नियमों की खुलेआम अवहेलना और निगरानी तंत्र की विफलता को दर्शाता है।

पितईबंद में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई

सामाजिक समरसता की मिसाल है सतनामी समाज : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत पितईबंद में सतनामी समाज के महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास जी की पावन जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सतनामी समाज अपनी एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है। कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश सत्य, अहिंसा और समानता पर आधारित है, जिसे समाज को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत पितईबंद के विकास हेतु कुल 30 लाख रुपये की घोषणाएँ की। इसमें सतनामी समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, अन्य सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रुपये, शीतला मंदिर के विकास के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा शामिल है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के अंतर्गत केवल ग्राम पंचायत पितईबंद में ही 6 लाख रुपये से अधिक की राशि प्रतिमाह माताओं-बहनों को प्रदान की जा रही है। कहा कि चुनाव जीतने के बाद पितईबंद में किसी मंचीय कार्यक्रम में यह उनका पहला

आगमन है, और यहां की जनता ने उन्हें भरपूर स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद दिया। सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे ने विधायक का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने की।

ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोमल ढीढी, डॉ. आनंद मतावले, जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती, गोपचंद बनर्जी, रिकेश साहू, हरीश साहू, सुघरमल आड़े, विष्णु जांगड़े, उपसरपंच शेखर बंजारे, पूर्व सरपंच पूनम बंजारे, विश्वनाथ सोनवानी, संतोष बघेल, चंदन बंजारे, बलराम बंजारे, मंगल भारती, इतवारी मारकंडे, रामआसरा कुर्रे, नरेश खूटे, उत्तम बंजारे, रामलाल टंडन, राकेश बंजारे, जिनेंद्र कुर्रे, भुनेश्वर भारती, कुंजलाल बंजारे, घनश्याम बंजारे, मयंक सोनवानी, आशीष कुमार, सूरज, गोपी, काशी, छवि, कुंदन, उमेदी कुर्रे, रामानंद, कमल, ईश्वर, प्रदीप, बालकदास सहित समस्त सतनामी समाज के लोग मौजूद थे।

संक्रमण और मौसम का डबल अटैक स्वास्थ्य शिविर लगाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-राजिम नगर सहित आसपास के लगभग पचास से अधिक गांवों में इन दिनों जुकाम, खांसी और सर्दी-बुखार की बीमारी तेजी से फैलती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि लगभग हर घर में एक से अधिक सदस्य इस बीमारी की चपेट में हैं। कई परिवारों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं एक साथ खांसी-जुकाम से पीड़ित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध सामान्य खांसी की सिरप और दवाइयों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। लगातार खांसी, गले में खराश, सीने में जकड़न और रात में बढ़ती समस्या के कारण मरीज बेहद परेशान हैं। कुछ मामलों में खांसी कई दिनों से बनी हुई है, जिससे कमजोरी और नींद की कमी जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। मौसम में लगातार बदलाव, सुबह-शाम की ठंड, धूल-धुआं तथा वायरल संक्रमण के कारण यह बीमारी तेजी से फैल रही है। एक ही परिवार में कई लोगों का बीमार होना संक्रमण के फैलाव की ओर इशारा करता है। ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण लोग बिना जांच के दवाइयों पर निर्भर हैं, जिससे बीमारी ठीक होने के बजाय लंबी खिंचती जा रही है। कई मरीजों ने बताया कि बार-बार दवा बदलने के बावजूद खांसी कम नहीं हो रही। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि प्रभावित इलाकों में मेडिकल कैंप लगाए जाएं, डॉक्टरों की टीम भेजी जाए और ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा वीबी जीरामजी अधिनियम

महासमुंद। वरिष्ठ भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि विकसित भारतः जीरामजी योजना मनरेगा से आगे का सशक्त कदम है। मनरेगा में 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी। जबकि, जीरामजी योजना में 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी होगी। वहीं, कार्य का भुगतान देरी से होने पर अतिरिक्त भुगतान का प्रावधान किया गया है। साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष योजना के लिए 1,51,282 करोड़ का प्रावधान किया गया है, ताकि गांवों में रोजगार के साथ समग्र विकास हो सके। जीरामजी योजना के माध्यम से जल संरक्षण, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों से स्वावलंबी और गरीबी-मुक्त गांव बनाए जाएंगे। योजना के तहत प्रशासनिक व्यय 6 से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है। जिससे पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और तकनीकी स्टाफ को समय पर पूरा वेतन मिल सके।

मेंशन मजदूर संघ तुमगांव शाखा में पदाधिकारियों का चयन

महासमुंद। 3 जनवरी 2026 को मेंशन मजदूर संघ पंजीयन क्रमांक 4703 महासमुंद से संबंधित तुमगांव शाखा की बैठक में संघ के सफल संचालन के लिए राजमिस्त्री और श्रमिकों की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों की आम सहमति से तुमगांव मेंशन मजदूर संघ का अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार धीवर (तुमगांव), उपाध्यक्ष तिलक बंजारे (भोरिंग), सचिव भोजराम सिन्हा (खैरझिटी), कोषाध्यक्ष तुकाराम कश्यप (कोडार बांध), संचालक संतुराम विश्वकर्मा (तुमगांव), संरक्षक थानसिंग खैरवार (बिरबिरा), कार्यालय प्रभारी मुंशी चोवाराम विश्वकर्मा (तुमगांव) का चयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने मेंशन मजदूर संघ से संबंधित सभी समस्त श्रमिकों से मजदूर हित में कार्य करने के साथ निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ कार्य दर को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। मेंशन मजदूर संघ की मुख्य शाखा मेंशन मजदूर संघ के अध्यक्ष राधेश्याम धीवर सहित सभी पदाधिकारियों के समक्ष तुमगांव शाखा की गतिविधियों और पदाधिकारी चयन की कार्रवाई प्रेषित करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से कांशीराम, भोलाराम बंजारे, चोवाराम पटेल, हेमंत यादव, नरेंद्र धीवर, भुनेश्वर, संतोष, भागवत आदि मौजूद रहे। , कांशीराम, गणेश सियाराम सहित बड़ी संख्या में श्रमिक सदस्य उपस्थित थे।

मामाभांचा में मड़ई मेला आज

महासमुंद। ग्राम मामाभांचा में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 4 जनवरी 2026 को मड़ई मेला एवं रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी रंग सागर चरौदा (छुरा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्रामवासी व ग्राम विकास समिति के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को शोभा बढाने की अपील की है। उक्ताशय को जानकारी टिकेश साहू ने दी।

रमन ने किया विधानसभा के डायरी कैलेंडर का विमोचन

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने शंकर नगर स्थित स्पीकर हाऊस में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्ष 2026 के कैलेण्डर एवं डायरी (दैनंदिनी) का विमोचन किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, मंत्री खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे एवं विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विक्रम सिसोदिया विधानसभा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर ''डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल के दो वर्ष महत्वपूर्ण कार्य एवं उपलब्धियां'' शीर्षक से पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

जयंती: माता शाकंभरी जयंती पर पटेल समाज द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा

शाकंभरी महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, मरार पटेल समाज ने बांटा 15 क्विंटल शाक-भाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार को कोसरिया पटेल मरार समाज द्वारा आराध्य देवी मां शाकंभरी प्राकट्य उत्सव को शाकंभरी महोत्सव के रूप मे धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 11 बजे मां शाकम्भरी की विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई इस दौरान विशाल शोभायात्रा निकल गई यहां शोभायात्रा पटेल समाज भवन से प्रारंभ हुई मुख्य मार्ग, बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंदिर पहुंची फिर नगर का भ्रमण करते हुए पटेल समाज भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान भारी उत्साह देखने को मिला गाजे-बाजे के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए,

शोभायात्रा के बाद एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पटेल समाज द्वारा नगर के लोगों को 15 क्विंटल से ज्यादा निशुल्क साग सब्जीयों का वितरण किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लिए। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, मैनपुर सरपंच हानिता नायक, आचार्य नंद किशोर चौबे, कोसरिया मरार पटेल समाज भाठीगढ राज अध्यक्ष भागीरथी पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की कोसरिया मरार समाज धरती माता की सेवा करने वाला मेहनतकश समाज है जिनका इतिहास गौरवशाली रहा है आज पटेल समाज के लोग हर दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि मरार पटेल समाज के आराध्य देवी मां भगवती शाकभरी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर ही छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है और मैनपुर में हर साल पटेल समाज द्वारा निशुल्क साग सब्जी वितरण करते है।

मद्यपान से दूर रहकर संगठित होकर कार्य करें

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्वजातीय जनों के बीच मेल-मिलाप और एकता को भी प्रोत्साहित करते हैं। समाज के अध्यक्ष भागीरथी पटेल ने कहा कि प्रतिवर्ष मैनपुर में महोत्सव का आयोजन किया जाता है निश्चित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से समाज के लोग एक जगह उपस्थित होते है जिससे समाज में एकता और भाईचारा बढ़ती है। उन्होने ने समाज के सभी वर्गों से मद्यपान से दूर रहकर संगठित होकर कार्य करने को कहा साथ ही समाजिक संगठन पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोविन्द पटेल, पवन पटेल, संतोष पटेल, उत्तम पटेल, हरिश्वर पटेल, चित्रसेन पटेल, टीकम पटेल, राधेश्याम पटेल, गुमान पटेल, सुनील पटेल, तुला पटेल, जगदीश पटेल, डोमार पटेल, मोहित पटेल, लालाराम पटेल, कृष्णा पटेल, त्रिलोक पटेल, धनेश्वर पटेल, सालिक राम पटेल, सीताराम पटेल, सुकदेव पटेल, गणेश पटेल, परमानंद पटेल, ईश्वर पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, मनीष पटेल, जागेश्वर पटेल, तिजेश्वर पटेल, भोला पटेल, आर्यन पटेल, राधे पटेल, हेमलाल पटेल, भागवत पटेल, सौरभ पटेल, खलेंद्र पटेल, शेखर पटेल, संजय पटेल, बलदूराम, गौरी पटेल, कुमारी बाई पटेल, ढुलेश्वरी पटेल, पुष्पा पटेल, त्रिभुवन पटेल, नंदकिशोर पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में पटेल समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डोमार पटेल, संतोष पटेल एवं आभार हरिश्वर पटेल ने किया। वहीं कार्यक्रम मे पंडित द्वोणाचार्य पांडेय द्वारा पूरे विधिविधान से पूजन अर्चना संपन्न कराया गया।

अमलीडीह में मनाई गई 269 वीं गुरु घासीदास जयंती

फिजूलखर्ची न कर जयंती कार्यक्रम को सादगी से मनाएं : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिसंबर माह के अंतिम दिवस प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारी दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव बागबाहरा ब्लॉक के अमलीडीह में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण पर देर रात शामिल होकर पूजा अर्चना करने के पश्चात समाज को संबोधित किया। गांव-गांव के जयंती कार्यक्रम में लाखों रुपए की आर्केस्ट्रा, नाच गम्मत लगाकर पैसे बर्बाद करने पर चिंता जाहिर करते हुए दिनेश बंजारे ने फिजूल खर्ची कार्यक्रम के जरिए जयंती मनाने की बजाए सादगी रुप से छात्रों, बड़े बुजुर्गों के सम्मान करने जैसे रचनात्मक कार्यों के जरिए जयंती मनाने अपील की। विजय ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसा कोई भी कार्य ना करें जिससे समाज की मान सम्मान को ठेस पहुंचे। क्योंकि, हम लोगों ने नौ माह जेल में समाज के ही मान सम्मान के लिए बिताए हैं। जिला सचिव रेखराज बघेल ने समाज से आह्वान किया कि गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग और सतनाम संस्कृति को अपने जीवन में अंगीकृत करने से सुख शांति मान सम्मान प्राप्त होगी। जिसके लिए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में समाज के अठगंवा अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देवकुमार जोशी, चोलेश्वर मार्कंडेय, कन्हैया सांडे, चैतराम मांडले, महंगूदास मांडले, परसराम पात्रे, मोहन बंजारे, हरिश्चंद्र मांडले, भेखराम मारकंडेय, लाल कुमार मार्कंडेय, नोहर आदि मौजूद रहे।

जिले के 14 थाना-चौकी प्रभारियों सहित 19 के तबादले

नवागत एसपी प्रभात कुमार का बड़ा प्रशासनिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस महकमे में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के 14 थाना व चौकी प्रभारियों सहित कुल 19 निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल में 16 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक (एसआई) और 1 सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) शामिल हैं। इसके साथ ही जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में पदस्थ 89 प्रधान आरक्षक व आरक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया है। एसपी प्रभात कुमार द्वारा किया गया यह कदम जिले में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जवाबदेही तय करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक शरद दुबे को थाना प्रभारी महासमुंद से थाना प्रभारी बसना बनाया गया है। वहीं, सचिन गुमाश्ता को थाना प्रभारी बलौदा से थाना प्रभारी खल्लारी, सिद्धार्थ मिश्रा थाना प्रभारी तेंदूकोना से थाना प्रभारी पिथौरा, नीतेश सिंह ठाकुर थाना प्रभारी कोमाखान से थाना प्रभारी सरायपाली, प्रवीण चौहान थाना प्रभारी तुमगाँव से थाना प्रभारी तेंदूकोना, विनोद कुमार कश्यप थाना प्रभारी पटेवा से थाना अजाक, संबद्ध साइबर सेल महासमुंद । उमेश कुमार वर्मा थाना पिथौरा से थाना प्रभारी पटेवा, महेश साहू थाना प्रभारी सिंघोड़ा से थाना प्रभारी कोमाखान, राणासिंह ठाकुर थाना प्रभारी सांकरा से चौकी प्रभारी भंवरपुर, शैलेंद्र कुमार नाग थाना प्रभारी खल्लारी से चौकी प्रभारी बुंदेली, नरेंद्र कुमार राठौर थाना प्रभारी बसना से थाना प्रभारी महासमुंद, शशांक पौराणिक थाना प्रभारी सरायपाली से थाना प्रभारी बागबाहरा, संतोष सिंह थाना अजाक, हाल-साइबर सेल महासमुंद से थाना प्रभारी सिंघोड़ा, उत्तम तिवारी रक्षित केंद्र महासमुंद से थाना प्रभारी सांकरा, हितेश जंघेल रक्षित केंद्र महासमुंद से थाना प्रभारी बलौदा, दिनेश कुमार यादव रीडर-1 शाखा पु.अ. कार्यालय महासमुंद से थाना प्रभारी तुमगाँव, राजीव नाहर चौकी प्रभारी भंवरपुर से थाना महासमुंद, संबद्ध साइबर सेल महासमुंद, सउनि बसंत पाणिग्राही चौकी प्रभारी सिरपुर से थाना महासमुंद, थाना महासमुंद में पदस्थ सउनि बलराम साहू को चौकी प्रभारी सिरपुर बनाया गया है। इसके अलावा विभिन्न थाना/चौकियों में पदस्थ 89 प्रधान आरक्षकों, आरक्षकों के तबादले किए गए हैं। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह फेरबदल अपराध ग्राफ को नियंत्रित करने, क्षेत्रीय पुलिसिंग को सुदृढ़ करने और जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। आने वाले दिनों में पुलिस की कार्यशैली में सख्ती और सक्रियता देखने को मिल सकती है।

कुण्डेल भाठा संग्रहण केंद्र में 9 चौकीदारों के रहते चोरी, प्रभारी बोले- मेरा क्या नुकसान?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के कुण्डेल भाठा स्थित जिला धान संग्रहण केंद्र इन दिनों चोरों और लापरवाह अधिकारियों का सुरक्षित चारागाह बन गया है। 29 दिसंबर की रात केंद्र से 11 कट्टा धान चोरी हो गया, लेकिन इस मामले में पुलिसिया कार्रवाई के बजाय 'लीपापोती' का खेल ज्यादा नजर आ रहा है। आलम यह है कि चोरी के 5 दिन बाद भी न तो प्राथमिकी एफआईआर दर्ज हुई है और न ही असली चोरों का सुराग लगा है। हैरानी की बात यह है कि जिस रात चोरी हुई, उस समय केंद्र में 9 चौकीदार (लीला राम, हरिराम, खेलावन, पुष्कर, शाकिर, अर्जुन, पप्पू, अभिनंदन और पुरानिक) ड्यूटी पर तैनात थे। रात करीब 2 बजे एक स्थानीय निवासी की टॉर्च की रोशनी पड़ने से चोर धान की बोरियां सड़क पार खेत में छोड़कर भाग खड़े हुए। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल भी नजर आ रही है, लेकिन इतनी चौकसी के बावजूद धान का बाहर निकल जाना मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

भ्रष्टाचार की बू, लाटापारा उपार्जन का भी धान गायब?

चर्चा है कि इसी केंद्र से लाटापारा उपार्जन केंद्र का 'छापा लगा' धान भी गायब हुआ है, जिसमें एक प्रभारी के रिश्तेदार का नाम भी सामने आ रहा है। 1 जनवरी को पत्रकारों की पड़ताल में खुलासा हुआ कि चोरी के बाद भी उन्हीं संदिग्ध चौकीदारों को ड्यूटी पर रखा गया था। केंद्र प्रभारी का यह कहना कि पुलिस ने ही आवेदन बनाया और मैंने दस्तखत कर दिए, विभाग और पुलिस के बीच की 'सेटिंग' को उजागर करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मीडिया के माध्यम से जिला कलेक्टर भगवान दास उईके को जानकारी दी गई है। अब ग्रामीणों और किसानों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस 'धान चोरी और भ्रष्टाचार' के सिंडिकेट पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

जिम्मेदारों के गैर-जिम्मेदाराना बोल

जब इस संबंध में अधिकारियों से बात की गई, तो उनके जवाब व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। केंद्र प्रभारी राकेश टोडेकर ने कहा मैं 24 घंटे यहां नहीं रह सकता। मेरे जाने के बाद चौकीदार कुछ कर दें तो मेरा क्या नुकसान? प्रभारी ने पुलिस को ऐसा आवेदन दिया जिसमें कानूनी कार्रवाई की मांग ही नहीं की गई थी। विपणन अधिकारी किशोर चन्द्रा ने दपहले रिपोर्ट लिखाने की बात कही, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा की केंद्र प्रभारी से जैसा आवेदन मिला, उसी आधार पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। ठोस मांग आने पर ही पुलिस कदम उठाएगी।

लायंस क्लब महासमुंद के अध्यक्ष बने पारस चोपड़ा, शपथ ग्रहण भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय चावला मैरिज पैलेस में लायंस क्लब महासमुंद का गठन हुआ। इस दौरान नए सदस्यों और पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक गवर्नर विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर बसंत मिश्रा, पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर राजकुमार अग्रवाल, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी, जीएलटी कोआर्टिनेटर अनिल अग्रवाल, रिजन चेयन पर्सन शांतिलाल शर्मा, जोन चेयरपर्सन राकेश अग्रवाल, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, लायंस क्लब कवर्धा के अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल मौजूद रहे। चेयरपर्सन शांतिलाल शर्मा ने अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष मूलचंद लढ्ढा, नूकेश चंद्राकर, जार्ज रावटे, बंटी (जसपाल) चावला, मुकेशकांत साहू आदि को शपथ दिलाते हुए कर्तव्य की की जानकारी दी।

तीन गांजा तस्करों को 20-20 साल कारावास, दो-दो लाख जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करी करने के तीन आरोपियों को कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। तस्करी में शामिल फरार दो आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। तस्करी में एक आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने अजहरुद्दीन कुरैशी उर्फ अजहर, अजय गौरे उर्फ बॉबी तथा राजस्थान, भरतपुर निवासी कन्हैया सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 29 मई 2020 को जरवाय, बीएसयूपी कालोनी स्थित एक तलाब के पास 60 किलो से ज्यादा गांजा जब्ती की थी। आरोपी कार से गांजा तस्करी कर ले जा रहे थे। इस पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बदमाशों की घेराबंदी कर गांजा के साथ कार जब्ती की थी। तस्करी में शामिल सूरज वर्मा तथा पृथ्वी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। तस्करों के दबोचे जाने के बाद दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे।

आईडी केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की स्थायी शैक्षणिक पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड बागबाहरा में समस्त निजी एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों की अपार आईडी के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन एवं संचालन सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी रामता डे के विशेष सक्रिय समन्वय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षाधिकारी केके वर्मा ने की। इस अवसर पर पीएम सेजेस बागबाहरा की प्राचार्या सुषमा बड़ा, बीआरसी भूपेश्वरी साहू, संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला तथा विकासखंड के सभी निजी/अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में एबीईओ रामता डे द्वारा अपार आईडी निर्माण की विकासखंड स्तरीय प्रगति की विद्यालयवार विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई। उन्होंने शेष प्रकरणों, आधार प्रमाणीकरण, दस्तावेज़ अपलोड, पोर्टल प्रविष्टि तथा तकनीकी समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए त्वरित समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अपार आईडी केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की स्थायी शैक्षणिक पहचान है, जो भविष्य में उनकी शैक्षणिक निरंतरता, डिजिटल रिकॉर्ड एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में सहायक होगी। उन्होंने सभी निजी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों से अपील की कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगामी सप्ताहांत तक पूर्ण करें। साथ ही विद्यालय स्तर पर एक जिम्मेदार नोडल व्यक्ति नियुक्त करें, विद्यार्थियों के अभिभावकों से समन्वय स्थापित करें तथा किसी भी तकनीकी या प्रक्रियागत समस्या की जानकारी तत्काल संकुल या विकासखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं, जिससे समय पर निराकरण किया जा सके। विकासखंड शिक्षाधिकारी केके वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीएमसी के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अपार आईडी निर्माण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः सभी निजी/अनुदान प्राप्त विद्यालय निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकासखंड स्तरीय टीम के नेतृत्व में संकुल स्तर पर सतत मॉनिटरिंग एवं सहयोगात्मक कार्यप्रणाली अपनाने पर विशेष बल दिया। प्राचार्या सुषमा बड़ा द्वारा विद्यालय स्तर पर सफल क्रियान्वयन के व्यावहारिक अनुभव साझा किए गए। वहीं संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला ने संकुल स्तर पर नियमित फॉलोअप, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में विकासखंड स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी की जाएगी। तथा विकासखंड बागबाहरा में अपार आईडी का कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएगा।बैठक सकारात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण वातावरण में हुई।

पेज 9 के शेष...

मांस व हथियारों...

आज नंदू ठाकुर कर रहे हैं। छापामार कार्रवाई के साथ वन विभाग द्वारा स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण का महत्व तथा अवैध शिकार करने पर होने वाले कानूनी प्रावधानो की जानकारी दी जा रही है, ताकि लोग वन्य प्राणी के शिकार जैसे कृत्यों से दूर रहें और वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा में सहयोग करें।

रेत लदे बेकाबू...

चालक को भीड़ से निकालने के दौरान पुलिस और आक्रोशित नगरवासियों के बीच झूमाझटकी की स्थिति बन गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया और हाईवा चालक को गिरफ्तार कर थाने ले गई। गौरतलब है कि नवापारा शहर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक रेत गाड़ियों और भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। बावजूद नियमों की अनदेखी कर शहर के भीतर भारी वाहन दौड़ने लग जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाइवा रात करीब 9 बजे शहर के भीतर प्रवेश किया था और चालक काफी नशे में धुत था। गाड़ी रूकने के बाद चालक केबिन में ही धुत पड़ा रहा। इस घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

डकैत गिरोह की...

की अहम जिम्मेदारी बनती है कि वह इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करे, रात्रि गश्त बढ़ाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे। नागरिकों का यह भी कहना है कि पुलिस द्वारा समय रहते स्पष्ट और ठोस कार्रवाई किए जाने से ही लोगों में कानून और पुलिस के प्रति विश्वास दोबारा मजबूत होगा।

पुलिस की गश्त पर उठते सवाल–नगरवासी भयमुक्त होकर जीवन व्यतीत कर सकें, इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आए और किसी भी अनहोनी से पहले सच्चाई को सामने लाए। नगर की शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर चर्चा को कितनी गंभीरता से लेता है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्या ठोस कदम उठाता है? ये जो हथियारबंद 8 लोग फुटेज में दिख रहे है इनके चाल-चलन संदिग्ध जैसा लग रहा है। 28 दिसंबर की रात 2 बजे की फुटेज बताया जा रहा है जो सदर रोड,चांदी चौक के आसपास की है। सोशल मीडिया में यहां के नागरिक इस बात का बार-बार जिक्र कर रहे है कि मामला चाहे जो भी हो इतनी रात को घुमने वाले ये लोग है कौन? बता दें कि कुछ वर्ष पहले यहां बंगानी परिवार और पारख ज्वेलर्स के यहां डकै ती की घटना हुई थी। सोशल मीडिया में जुड़े लोग 2 जनवरी शुक्रवार की आधी रात तक ग्रुप में इस फुटेज की चर्चा करते रहे और एक दूसरे को जागते रहो का संदेश देते रहे।

खबर छपने के...

सड़क आज खुद सवालों के घेरे में है जिस सड़क को ग्रामीणों की जीवनरेखा बताया गया था, वह मात्र दो साल में ही बुरी तरह जर्जर हो चुकी है करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क की हालत ने निर्माण गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था दोनों पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

मरम्मत शुरू, लेकिन मूल समस्या बरकरार–प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिशेक पाटकर ने ग्रामीणों को नियमों के अनुसार मरम्मत कराने और पंचायत प्रस्ताव के जरिए भविष्य में भारी वाहनों पर जुर्माना लगाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद मरम्मत कार्य शुरू भी हो गया, लेकिन सवाल कायम है क्या केवल मरम्मत से समस्या खत्म होगी, या अवैध और भारी परिवहन का सिलसिला फिर से सड़क को जर्जर बना देगा। दिनभर हाईवा ट्रकों की आवाजाही के बावजूद पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय चर्चाओं में यह भी कहा जा रहा है कि उड़ीसा में काम कर रहे ठेकेदार को क्षेत्र के एक प्रभावशाली ठेकेदार का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो रही।

संक्रमण और मौसम...

मुफ्त जांच व दवाइयों की व्यवस्था की जाए। साथ ही लोगों को यह भी बताया जाए कि कब साधारण सर्दी-खांसी खतरनाक रूप ले सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों का अत्यधिक सेवन न करें ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें मास्क का उपयोग करें और भीड़ से बचें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें यदि खांसी 5-7 दिन से अधिक रहे, सांस लेने में दिक्कत हो या बुखार बढ़े तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें फिलहाल नवापारा-राजिम और आसपास के गांवों में फैल रही इस बीमारी ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है और प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

खबर संक्षेप

धुमा स्कूल में आनंद मेला

राजिम। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुमा में आयोजित आनंद मेला कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य डायमंड साहू ने कहा कि बच्चे अपनी रचनात्मकता, कौशल और खुशी को एक साथ लेकर आते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं, खेलों, स्टॉल्स और मनोरंजन गतिविधियों में भाग लेते हैं। ये मेले न सिर्फ बच्चों के लिए आनंद के स्रोत होते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामाजिक कौशल भी विकसित करने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य वर्षा नेताम, चुम्मन साहू, सागर वैष्णव, कमलनारायण वर्मा, प्रीतम साहू, देव साहू, सुधीर वर्मा, गौरव साहू, तामेश्वर मानिकपुरी सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।

बंनगवा में आज राजिम विधायक का अभिनंदन

फिंगेश्वर। विकासखंड अंतर्गत वन आंचल ग्राम बंनगवा में आयोजित सम्मान समारोह में राजिम विधायक

रोहित साहू के पहुंचने की सूचना है। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा विधायक का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्र में विकास कार्योंर्,सामाजिक योगदान और जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए किया जा रहा है।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। विधायक रोहित साहू समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। आयोजन को लेकर ग्राम बंनगवा में उत्साह का माहौल है और कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

साहू समाज की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा

राजिम। बकली साहू समाज पोखरा परिक्षेत्र द्वारा राजिम माता जयंती में मातृशक्तियों के द्वारा विशाल बाइक रैली की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष परमेश्वर साहू, खपरी अध्यक्ष डॉ. चंद्रिका साहू, उपाध्यक्ष ललित साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष महिला पदमा साहू, दिनेश साहू, भानमती साहू, ललिता साहू मौजूद थे।

ग्राम पोड़ में मनाई गई अटल जी की जयंती

नवापारा-राजिम। ग्राम पोड़ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनपद सभापति ब्रम्हानंद साहू ने कहा कि वाजपेयी जी दार्शनिक, कविराज, कुशल नेतृत्व क्षमता राजनीतिज्ञ और छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा थे। प्रारंभ में अटल स्तंभ के पास अटल जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर भूपेश ध्रुव सरपंच, सचिव महेंद्र टंडन, मोहन साहू, भुवन साहू, रवि मन्नाडे, मेघनाथ चंद्राकर, विमल वर्मा, बलराम साहू, लक्ष्मण यादव, निर्मल मेहर, दुष्यंत पाल, भानु साहू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

अस्पताल में डॉक्टर से दुर्व्यवहार, एफआईआर

महासमुंद। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मुनगासेर के डॉक्टर के साथ गाली गलौज और दुर्व्यवहार करने वाले दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है।

जयंती : समाज की मांग पर सामुदायिक भवन बनाने के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा

पटेल समाज मेहनतकश समाज: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शनिवार को नगर पटेल मरार समाज द्वारा आयोजित शाकंभरी ,महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने माता शाकंभरी एवं महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि माता शाकंभरी अन्न, प्रकृति और मानवता की प्रतीक हैं, जिनकी पूजा समाज को सेवा और परोपकार का मार्ग दिखाती है। विधायक श्री साहू ने पटेल समाज की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि यह समाज शिक्षा, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को अनुकरणीय बताया तथा समाज की मांग पर सामुदायिक भवन बनाने के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा किया। कहा कि पटेल समाज एक मेहनत कस समाज है, संगठित होकर यह समाज निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह समाज प्रकृति के संरक्षक है, हरी सब्जी उत्पादन कर जनमानस को स्वस्थ रखता है। यह समाज लोगो को निशुल्क सब्जी वितरण कर जन सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान भव्य आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और सामाजिक एकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और माता शाकंभरी से समाज सहित पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर निःशुल्क सब्जी वितरण, भव्य शोभा यात्रा, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पत्रकारों, पार्षदों, व अन्य समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक आयोजनों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अतिविशिष्ट अतिथि राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने पटेल समाज को बधाई देते हुए कहा कि मरार पटेल समाज एक संगठित समाज है, यह समाज अपनी मेहनत के दम पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस समाज में बड़े बड़े विद्वान जन्म लिए है, जिसमें महान समाज सुधारक माता सावित्री बाई फूले जी को शिक्षा का अलख जगाने के कारण भारत के प्रथम शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त है। आज यह समाज परोपकार और जीवन दायिनी समाज है। जो हजारों लोगों को सब्जी वितरण कर जन मानस की सेवा का कार्य कर रहा है।

ये थे उपस्थित.....

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक पटेल, तेजराम पटेल तथा विशेष स्थिति के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, सुश्री छाया राही, देवकी साहू, पटेल समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, नगर अध्यक्ष भूखन पटेल ,पार्षद भारत यादव, बलराम यादव, तुषार कदम, जानकी पटेल, सुरेश पटेल, अजय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, संजीव साहू, शरद पारकर, पूरन यादव, राजेश धीवर, कमल पटेल, आशाराम पटेल, दामोदर पटेल, संजू पटेल, उत्तम पटेल, दिलीप पटेल, मनीराम सहित हजारों की संख्या में समाज जन उपस्थित हुए।

धान खरीदी में लापरवाही पर बरसी आप, समय सीमा नहीं बढ़ी तो उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूद्रसेन सिन्हा ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी के दौरान किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार इस ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से ही आम आदमी पार्टी लगातार किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाती आ रही है। पार्टी द्वारा समय-समय पर विज्ञप्ति जारी की गई, ज्ञापन सौंपे गए तथा 12 दिसंबर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन भी किया गया, इसके बावजूद सरकार किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है।

रूद्रसेन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि इस वर्ष अनेक कारणों से खरीदी देर से प्रारंभ हुई है। ऐसे में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर 10 फरवरी तक की जानी चाहिए, ताकि किसान अपनी पूरी फसल बेच सकें। उन्होंने स्वर्णा धान को मोटे धान की श्रेणी में रखने पर भी आपत्ति जताते हुए इसे बारीक धान की श्रेणी में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंजीयन, रकबा सुधार अथवा अन्य तकनीकी कारणों से जो किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं, उन्हें प्रक्रिया पूर्ण कराकर खरीदी का अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि कोई भी किसान छूटने न पाए। भुगतान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान केवल जिला सहकारी बैंकों तक सीमित न रखकर अन्य बैंकों में भी उनकी पसंद के अनुसार सुविधा दी जानी चाहिए। वर्तमान में 25 हजार रुपये की किश्तों में भुगतान की व्यवस्था को समाप्त कर किसानों को आवश्यकता अनुसार पूरा भुगतान एक साथ दिया जाए। रूद्रसेन सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र किसानों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन करेगी।

मैनपुर में 6 साल बाद भी नहीं हुआ गोदाम का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज ढेड़ किमी दूर वन विभाग का तेन्दूपत्ता गोदाम को 5-6 वर्ष पहले नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए रात में आग के हवाले कर दिया जिसके कारण करोड़ो रूपये के तेन्दूपत्ता उस समय जलकर राख हो गया और तो और तेन्दूपत्ता गोदाम भी पूरी तरह जलकर तहस नहस हो गया है इसकी जानकारी लगते ही तत्कालिन पुलिस अधीक्षक एवं आला अफसर मौके पर पहुंचकर फायर बिग्रेड को बुलाया गया था फायर बिग्रेड को तेन्दूपत्ता के गड्डियों का आग बुझाने चार से पांच दिनों का समय लगा था यह तहसील मुख्यालय से लगे नाउमुड़ा गोदाम मे सबसे बड़ी नक्सली घटना थी जिसमें तेन्दूपत्ता जहां करोड़ो रूपये के तेंदूपत्ता को आग के हवाले कर दिये थे वहीं करोड़ो के गोदाम भी जलकर खाक हो गया लेकिन पिछले पांच–छह वर्शो के भीतर इस तेन्दूपत्ता गोदाम को वन विभाग द्वारा अबतक न तो तोड़कर नया बनाया गया और न ही इसका जीर्णोंध्दार किया गया है जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को आज भी यह जला हुआ गोदाम और नक्सली घटना मे ध्वस्त गोदाम नक्सली दहशत को याद दिलाता है इसलिए वनविभाग एवं संबंधित विभाग को चाहिए कि तत्काल इस गोदाम को तोड़कर इसका पुर्ननिर्माण किया जाना चाहिए साथ ही नया गोदाम का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि लोगों के मन से नक्सली दहशत खत्म हो सके क्योंकि छत्तीसगढ़ मे अब तेजी से नक्सलियों का सफाया हो रहा है छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा मे जो कार्य कर रही है ंनि"चत रूप से उसमें अबतक बड़ी सफलता मिली है।

जले हुए गोदाम को जीर्णोद्वार का इंतिजार

मैनपुर से महज ढेड़ किलोमीटर दुर ग्राम नाऊमुडा स्थित गरियाबंद वन मंडल अतंर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर में लघु वनोपज तेंदुपत्ता गोदाम नाऊमुडा में करोड़ो की लागत से भवन का निर्माण किया गया था इस गोदाम में नक्सलियों ने आग लगा दिया था जिससे लगभग करोंडों रूपये के तेन्दुपत्ता जहा जलकर खाक हो गया था वही दुसरी ओर यह तेन्दुपत्ता गोदाम आज तक क्षतिग्रस्त टुटफुटकर गिर चुका है जिसका विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कई बार जायजा लिया जा चुका है, इस तेन्दुपत्ता गोदाम को जीर्णोधार का इंतजार है, और इसके स्थान पर नया भवन निर्माण किया जाना आवश्यक हो चला है। नक्सलियों द्वारा आगजनी के बाद टुटकर गिरे यह तेन्दुपत्ता गोदाम की बदहाल स्थिति की यह तश्वीर अपने आप सबकुछ बया कर रहा है यह तेंदुपत्ता गोदाम की बदहाल हालत को देखकर नक्सली वारदात की लोगो को याद ताजा हो जाती है इसलिए इस जर्जर जल चूके गोदाम को तत्काल हटाकर इसके स्थान पर नया गोदाम निर्माण किए जाना आव"यक है लेकिन इस ओर अब तक वन विभाग द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाना समझ से परे है।

किरवई में संत कवि पवन दीवान जी की जन्म जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

संत कवि पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई में छत्तीसगढ़ के गांधी संत पवन दीवान की जन्म जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों और प्राचार्य समस्त स्टाफ द्वारा पवन दीवान जी की प्रतिमा में पुष्पांजली अर्पित की गई एवं दीवान जी का पुण्य स्मरण किया गया।

प्राचार्य आलोक शर्मा ने संत कवि पवन दीवान के बहुआयामी व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मोतीराम साहू,सरपंच देवकुमारी साहू,सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, उपसरपंच भुलेशवरी साहू, पूर्व सरपंच यथार्थ शर्मा प्रमेश साहू रामेश्वर ध्रुव, लक्ष्मी बंजारे, मीना ध्रुव, श्याम साहू, यशवंत साहू, प्रहलाद साहू, विष्णु साहू, जयलाल साहू, भागवत साहू, संतोष साहू, मोतीलाल साहू, यशवंत सेन ओंकार साहू राजीव शर्मा, कामता साहू, रामचंद ध्रुव, नरेंद्र साहू, कुमार दुबे, गणेश्वर काठरे आदि ने पवन दीवान की प्रतिमा मे पुष्पांजलि अर्पित किए।

जिले के प्रथम साहित्यिक भवन में गूंजी रचनाओं की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जिले का बहुचर्चित साहित्यिक सांस्कृतिक और इतिहासिक गाथा से समृद्ध ग्राम पाण्डुका में जिले का प्रथम साहित्यिक संस्था का भवन निर्माण यहां के साहित्यकारों का योगदान है। जो अन्य जिलों में नहीं है, इसके लिए जिला गरियाबंद धमतरी के कलाकार संगठन सिरजन ने मंथन साहित्य परिषद को बधाई दी है,अवसर था नये वर्ष आगमन पर माह का प्रथम बैठक इस भवन पर आहूत किया गया था, जिसमें लगभग 65 कलाकारो साहित्यकारों की उपस्थिति रही। जिले का वरिष्ठ साहित्यकार डॉ नूतन लाल साहू ने बताया कि अंचल का पाण्डुका बहुआयामी दृष्टिकोण से ख्यातिप्राप्त ग्राम है जो धार्मिक महत्व के अलावा साहित्यिक सांस्कृतिक क्षेत्र में काफी समृद्ध है, जिसमें अनेक साहित्यकारों का कर्म भूमि रहा है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय संत श्री महेश योगी,नारायण लाल परमार रामेश्वर वैष्णव उधो राम झखमार मेहतर राम साहू जीवन दाउ साहू खोवा लाल शर्मा मिथलेश साहू सुरेश कुमार शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा है, जिनके द्वारा यहां धार्मिक सांस्कृतिक साहित्यिक का प्रार्दुभाव हुआ है और उनके द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों से प्रेरित अंचल में मंथन साहित्य परिषद का संचालन यहां के कवियों द्वारा होकर एक साहित्यिक भवन निर्माण हुआ है,जो अन्य जिलों में देखने को नहीं मिलता। जिसमें लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन जिला गरियाबंद धमतरी के ने नये वर्ष मनाने बैठक के रुप में उपस्थित होकर इस उपलब्धि के लिए परिषद को बधाई दी। इस अवसर पर सरपंच भानु ध्रुव, संरक्षक डॉ. नूतन लाल साहू, अध्यक्ष पुरुषोत्तम चक्रधारी, सचिव संतोष ब्यास, राजेश द्विवेदी सहित सिरजन के प्रदेश केन्द्रीय प्रतिनिधि डॉ. ईश्वर तारक, रायपुर संरक्षक सेवक ठाकुर, संस्थापक गौकरण मानिकपुरी, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, गंगा बाई मानिकपुरी, उपाध्यक्ष महेश्वरी सिन्हा, सचिव बाबूलाल साहू, यश कुमार साहू, जिला केन्द्रीय प्रतिनिधि खेमबाई निषाद, बुधारु यादव, ब्लाक सचिव महेश निर्मलकर, लीला बाई, कंवर रजमत बाई मनी राम कंवर आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत

महासमुंद। जिला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस, यातायात विभाग, परिवहन विभाग की उपस्थिति रही। हेलमेट जागरुकता आयोजन के माध्यम से संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने शिक्षा व बुनियादी सुविधाओं को लेकर एसडीएम से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा युवा मोर्चा गरियाबंद जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम से मुलाकात कर उनसे चर्चा किया साथ ही इस मामले में जल्द ही ठोस कदम उठाने की मांग किया है। देवभोग क्षेत्र में शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च स्तर पर विकसित करने, पेयजल सुविधा के विस्तार, सड़क सुधार एवं सड़क सुरक्षा को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार नागेश के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार नागेश ने कहा कि शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च लेवल तक ले जाने, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग, विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्योंर् की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर समन्वय की बात कही। पेयजल व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चल रही योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे आमजन को निरंतर लाभ मिल रहा है। सड़क व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के विषय में चर्चा करते हुए कहा गया कि सड़क मरम्मत, संकेतक, स्ट्रीट लाइट एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ कर क्षेत्र को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सकता है। पश्चात चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार नागेश ने कहा कि शिक्षा, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना युवा मोर्चा की प्राथमिकता है और प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के केदार नागेश, महामंत्री मंडल देवभोग, लैबानो सोना, मंडल मंत्री देवभोग सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

12 घंटे का चक्काजाम खत्म, कलेक्टर और विधायक के आश्वासन पर माने नगरवासी

कृषि कॉलेज के लिए जमीन तलाशने मिला 1 हफ्ते का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण स्थल को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को उस समय और गहरा गया जब नगरवासियों ने 12 घंटे तक सड़क पर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों की मांग थी कि जब तक जिला कलेक्टर स्वयं आकर समाधान नहीं निकालेंगे, वे सड़क से नहीं हटेंगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देर रात कलेक्टर भगवान दास उईके, राजिम विधायक रोहित साहू और गरियाबंद एसपी फिंगेश्वर पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से सकारात्मक चर्चा की। हड़ताली प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कलेक्टर भगवान दास उईके ने बताया कि प्रशासन ने कृषि महाविद्यालय के लिए किरवई की जगह को प्राथमिकता इसलिए दी क्योंकि वहां पूरी जमीन एक ही चक (पैच) में उपलब्ध है। वहीं, एसडीएम विशाला राणा ने स्पष्ट किया कि फिंगेश्वर में जो जमीन जानकारी में है, वह टुकड़ों में बंटी हुई है, जो महाविद्यालय की जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है।

कुलपति से सीधी बात, 50 एकड़ का है लक्ष्य

सड़क पर ही चर्चा के दौरान कलेक्टर ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन पर बात की। कुलपति ने बताया कि महाविद्यालय के लिए कम से कम 50 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने नगरवासियों को प्रस्ताव दिया कि यदि वे नगर के भीतर ही एक साथ 50 एकड़ जमीन का विकल्प देते हैं, तो प्रशासन उस पर विचार करेगा। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है, जिसके बाद कुलपति, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक होगी।

शांतिपूर्ण रहा प्रदर्शन, पुलिस की सूझबूझ की तारीफ

12 घंटे तक चले इस चक्काजाम के दौरान नगर विकास सेवा समिति के बैनर तले नागरिकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखीं। इस दौरान गरियाबंद पुलिस अधीक्षक और फिंगेश्वर पुलिस की टीम ने बड़ी सूझबूझ का परिचय दिया, जिससे इतनी लंबी भीड़ और तनाव के बावजूद कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। चर्चा के दौरान नगर विकास सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, अशोक राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद कमलेश यदु, अशोक साहू, सतीश यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। विधायक रोहित साहू ने भी आश्वासन दिया कि वे जनभावनाओं के अनुरूप महाविद्यालय निर्माण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

खबर संक्षेप

किसान धान और मक्का बेचने में हो रही परेशानः रामकृष्ण ध्रुव

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार बनी है तब से सभी वर्ग के साथ किसान भी परेशान हो गए हैं। धान बेचने के लिए किसानों को चक्कर काटना पड़ रहा है समय पर टोकन नहीं कट रहा है धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन नहीं हो रहा है सिस्टम में सुधार नहीं हुआ है और तो और वन अधिकार पट्टा प्राप्त किसानों का टोकन नहीं कट रहा है7 हजारों एकड़ में किसान मक्का की फसल लिए है लेकिन अभी तक समर्थन मूल्य में खरीदी नहीं होने के कारण मजबुरन बिचौलियों के पास औने - पौने दाम पर बेचने मजबुर हो रहे हैं। किसान भाजपा सरकार के लचर व्यवस्था के कारण आंदोलन करने बाध्य हो रहे हैं लेकिन इससे भाजपा सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता किसानों की समस्या से भाजपा सरकार को कोई लेना देना नहीं है।

सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की मिली जिम्मेदारी

छुईहा/बेलर। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ (युवा प्रकोष्ठ) द्वारा प्रदेश स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के पांच सक्रिय, ऊर्जावान और सामाजिक कार्यों में अग्रणी युवाओं को प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुकेश भारती को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, किरण टंडन को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ, राजेश परमार को प्रदेश प्रतिनिधि युवा प्रकोष्ठ थनेश्वर बंजारे को प्रदेश मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ देव प्रसाद बघेल को प्रदेश मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पर्व: उत्साह के साथ मनाया गया लोकपर्व, बच्चों ने टोकरी, चुंगड़ी और थैलों में अन्न, धान एकत्र किया

ढोल-नगाड़ों की थाप पर बच्चों-बुजुर्गों की टोलियों ने घर-घर पहुंचकर लिया दान दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक छेरछेरा पर्व इस वर्ष भी पूरे उल्लास, श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक इस पारंपरिक लोक-पर्व की रौनक देखते ही बन रही है। गरियाबंद में सुबह होते ही बच्चों की टोलियां छेरछेरा छेरछेरा की मधुर पुकार के साथ सड़कों, गलियों और मोहल्लों में निकल पड़ीं, जिससे पूरा वातावरण लोक-आनंद से भर उठा।

पुराना मंगल बाजार क्षेत्र में आज छेरछेरा पर्व का विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां कुछ बच्चे बाकायदा ढोल-नगाड़ों के साथ छेरछेरा मांगते नजर आए। बच्चे छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाते हुए छेरछेरा कोठी के धान ला हेर-हेरा की स्वर लहरियों के साथ घर-घर पहुंचे और परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया।

बच्चों ने टोकरी, चुंगड़ी और थैलों में अन्न, धान और दान एकत्र किया। यह दृश्य केवल मांगने का नहीं, बल्कि दान, त्याग और आपसी प्रेम की भावना का सशक्त प्रतीक बन गया। गली-मोहल्लों में बुजुर्गों, महिलाओं और परिवारजनों ने बच्चों को धान, चावल, नकद राशि और मिठाइयां देकर उनका उत्साह बढ़ाया और इस लोक-पर्व को श्रद्धा के साथ निभाया। ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ शहरी परिवेश में भी छेरछेरा पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया। आधुनिक जीवनशैली के बीच भी लोगों ने अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखते हुए इस परंपरा को ससम्मान आगे बढ़ाया।

यह पर्व केवल बच्चों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बुजुर्गों और युवाओं ने भी सहभागिता निभाकर सामाजिक एकता और आपसी अपनत्व का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि छेरछेरा छत्तीसगढ़ का अत्यंत प्राचीन लोक-पर्व है, जो दान, समरसता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व नई पीढ़ी को संस्कार, परंपरा और सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है और यह सिद्ध करता है कि छत्तीसगढ़ की लोक-परंपराएं आज भी जीवंत और सशक्त हैं।

अन्न और दान देना पुण्य का काम

धरमीन बाई सिन्हा (बुजुर्ग महिला) ने कहा की हमारे जमाने से छेरछेरा मनाते आ रहे हैं। यह पर्व केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज को जोड़ने वाला है। जब बच्चे छेरछेरा मांगने आते हैं तो मन अपने आप खुश हो जाता है। अन्न और दान देना पुण्य का काम माना जाता है। इससे आपसी प्रेम बढ़ता है और समाज में बराबरी की भावना आती है। आज की पीढ़ी भी इस परंपरा को निभा रही है, यह देखकर बहुत संतोष होता है। छेरछेरा हमें सिखाता है कि जितना हो सके, दूसरों के साथ बांटकर चलें। लता सिन्हा ने कहा की छेरछेरा छत्तीसगढ़ की आत्मा है। इस दिन अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं रहता, सभी एक-दूसरे को दान देते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। बच्चों की आवाज सुनकर पुराने दिन याद आ जाते हैं। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों के साथ जब बच्चे आते हैं, तो पूरा माहौल उत्सवमय हो जाता है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति से जोड़े रखता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कार देने का काम करता है। ऐसी परंपराएं कभी खत्म नहीं होनी चाहिए।

मुरमुरा में धूमधाम से मना दान का पर्व छेरछेरा

कोपरा। अंचल में महादान का लोक पर्व व धन सम्पन्नता का प्रतिक पर्व छेरछेरा धूमधाम से मनाया गया। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में कई लोक संस्कृति और परम्पराओं की मान्यता है। इनमें से एक दान का पर्व है।यह किसानो की मेहनत, सामाजिक एकता और लोक संस्कृति का प्रतिक है। यह दिन दान के महत्व को स्मरण कराने वाला है।छेरछेरा पर्व केवल दान का पर्व नही, बल्कि गांव को एकजुटता, फसल की खुशी और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा का जीवंत प्रतीक है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को जोड़ता चला आ रहे हैं। वहीं ग्राम मुरमुरा सहित अंचल के धुरसा, सहसपुर, लोहरसी, रवेली, तरिघाट भेण्ड्री सहित के बच्चों से लेकर युवा व प्रबुद्ध जन सुबह से ही सामूहिक निकलकर घरो में जाकर छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा जैसे लोकोक्ति कहकर धान को दान

में लिया व ग्रामीणजन गांव के घरो में गली भ्रमण कर दान मांगे। इस अवसर पर मुरमुरा गांव के युवा सुरेन्द्र कुमार साहू, ह्रदय राम साहू, टोमन साहू, विरेन्द्र साहू, एसकुमार साहू, दक्षकुमार साहू, खेमचंद साहू, सहित युवाओं ने हर्षोल्लास के साथ छेरछेरा त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

छेरछेरा पुन्नी पर अन्नदान की परंपरा जीवंत, गांव-गांव,गली-गली में गूंजा छेरछेरा

नवापारा-राजिम। शनिवार को छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर अल सुबह से ही शहर एवं गांव के हर दरवाजे पे छेरछेरा मांगने वालो की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। आवाज गुंज रहा था छेरछेरा..... माई, कोठी के धान ला हेर-हेरा। बता दें कि छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और अन्नदान की महान परंपरा का प्रतीक छेरछेरा पुन्नी शनिवार को पूरे ग्रामीण अंचल में उल्लास, उमंग और आस्था के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर अन्नदान का विशेष महत्व बताया गया है, जिसे गांववासियों ने पूरे श्रद्धा भाव से निभाया। सुबह से ही गांवों में छेरछेरा का माहौल देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर

महिलाएं, मानस मंडली और राम भजन गाते समूह घर-घर पहुंचते नजर आए। ढोलक, मंजीरा और भक्ति गीतों के बीच जैसे ही छेरछेरा माई, कोठी के धान ला हेर-हेरा की आवाज गूंजती, वैसे ही हर घर से अन्न निकालकर दान स्वरूप दिया गया। यह दृश्य पूरे गांव में दिन भर चलता रहा। छेरछेरा पुन्नी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामूहिकता, दान और समृद्धि की कामना का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन अन्नदान करने से घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती और भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक अन्नदान किया। गांव की गलियों में बच्चों की आवाज ,महिलाओं की लोकधुनें और मानस मंडली के भजन पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। परंपरागत ग्रामीण संस्कृति की झलक ने इस पर्व को और भी विशेष बना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। छेरछेरा पुन्नी ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि दान, आस्था और संस्कृति ही ग्रामीण जीवन की असली पहचान है।

मैनपुर क्षेत्र में छेरछेरा उल्लास से मनाया गया

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे अंचलों में पौष पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला पर्व छेरछेरा पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ आज मनाया गया। धान के फसल मिंजाई के बाद यह छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व मनाया जाता है जहां इसी दिन अन्नदान करने की परंपरा की शुरूआत की गई थी और अन्नदान करने से ऐसी मान्यता है कि सारे संकट दूर होते है, सुबह से ही बच्चे, बूढे, नौजवान तथा सभी वर्ग के लोगों ने घर-घर जाकर छेर-छेरा कोठी के धान न माई हेर हेरा कहते हुए अन्न मांगा। इस अवसर पर छेर-छेरा कोठी के धान ल हेर-हेरा गांवों में गूंजता रहा।

मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र के गांव-गांव में छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेरछेरा शनिवार को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया सुबह से ही शहर और गांवों में बच्चों एवं युवाओं ने टोलियां बनाईं और घर-घर अनाज मांगने निकले बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी थैला लेकर पड़ोसियों व रिश्तेदारों के घर पहुंचे। इस दौरान छेरछेरा माई, कोठी के धान ल हेर का उद्घोष करते हुए बाजे रामधुनी पार्टी के साथ लोग निकले गलियों में अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभै टरन जैसे पारंपरिक दोहे गूंजते रहे। बाजों और रामधुनियों के साथ निकला जुलूस महिलाएं और युवतियां भी बाजों और रामधुनियों के साथ

इस जुलूस में शामिल हुईं हर घर से मिले धान, चावल और अन्य अनाज से लोगों के थैले भर गए यह पर्व पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है किसानों की फसल कटाई के बाद भरे भंडार की खुशी में यह त्योहार मनाने की परंपरा है समाज के सभी वर्गोंर् के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं ग्रामीण इलाकों में इस पर्व की रौनक विशेष रूप से देखी गई छेरछेरा को सामुदायिक सद्भाव और खुशियां बांटने का पर्व माना जाता है पूरे प्रदेश में लोगों ने इसे उल्लास के साथ मनाया।

नवापारा-राजिम। छेरछेरा पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के सभी गांव में धूम मची रही। खासतौर से बच्चो में ज्यादा उत्साह देखा गया। वे टीम बनाकर एक साथ प्रत्येक घरो में घुमते रहे।

छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा, सुबह से शाम तक गुंजता रहा

रसेला। अंचल की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं में गहरी जड़ें जमाए हुए कई पर्व और उत्सव है,जो न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होते हैं, बल्कि समाज में सामूहिकता, भाईचारे और सामाजिक सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इनमें से एक प्रमुख और विशिष्ट पर्व छेरछेरा पर्व है, जो विशेष रूप से क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व ग्रामीण संस्कृति का आदर्श प्रस्तुत करता है और किसानों के जीवन से जुडा हुआ है। शनिवार को लोक आस्था का पर्व छेरछेरा सुबह से लेकर शाम तक गांव की हर घर और गलियों में छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरा गुंजता रहा। गांव सहित क्षेत्र में छेरछेरा तिहार की रौनक देखते ही बन रही थी। बच्चों, युवाओं, युवतियों, महिलाएं और बुजुर्गो ने पूरे उत्साह के साथ इस लोक पर्व में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर गांव में उत्साह अपनत्व और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने छेरछेरा की परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने हाथों से अन्न दान किया और क्षेत्र वासियों को लोक पर्व छेरछेरा की बधाई और शुभकामनाएं दी। यादव ने कहा कि छेरछेरा केवल अन्न संग्रह का तिहार नहीं, बल्कि यह लोक संस्कृति, भाईचारे और मानवीय संवेदनाओं का उत्सव है। इसी कड़ी में ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा छत्तीसगढ़ की लोक परम्पराए हमारी पहचान है और इन्हें संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। सरपंच रुपादेवी ठाकुर ने कहा कि छेरछेरा मूल रूप से दान, सहयोग और आपसी भाईचारे का पर्व है। इस दिन बच्चे, युवा और बुजुर्ग टोली बनाकर घर-घर जातें हैं और लोकगीत गाते हुए अन्न या दान मांगते हैं। सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, रवि मरकाम, लता नागेश, हेमलता ध्रुव, विजय कृष्णा नागेश, भोजराज नागेश, सरिता ध्रुव ने कहा कि पौष पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले इस त्योहार किसानों की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।

खुटेरी में छेरछेरा की धूम

छुईहा बेलर। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में छेरछेरा दान का महापर्व खुटेरी में धुमधाम से ढोल मंजीरा स्लोगन के साथ मनाया गया। गांव किसान परिवार से पुरूष, युवक-युवती सामूहिक अलग-अलग खुशी व सामाजिक एकता का भाईचारा का संदेश दिया। छेरछेरा पर्व के दिन गांव के बच्चे, युवा और लड़कियां सुबह से हाथ में थैला लिए हुए घर-घर जाकर छेरछेरा मांगते रहे।

मोहल्ले और गलियां बच्चों की टोलियों से गुलजार रहे

छुरा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकपर्व छेरछेरा की धूम शनिवार को छुरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ देखी गई। पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह से ही मोहल्ले और गलियां बच्चों की टोलियों से गुलजार रहे। पुरातन काल से चली आ रही इस परंपरा को निभाने के लिए बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी में खासा उत्साह नजर आया। मान्यता है कि इस विशेष दिन अपनी कोठी (अनाज भंडार) से धान का दान करने से घर में सुख-समृद्धि और बरकत आती है। इसी विश्वास के साथ ग्रामीणों ने खुले दिल से अन्नदान किया। पर्व के दौरान माता शाकंभरी की विशेष पूजा-अर्चना भी की गई, जो प्रकृति और वनस्पति की देवी मानी जाती हैं।

गूंजे पारंपरिक लोकगीत

छुरा की गलियों में बच्चों ने घर-घर जाकर पारंपरिक लोकगीत का गायन किया। छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेरहेरा... अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन। इन पंक्तियों के माध्यम से बच्चे बड़ी ही मासूमियत से दान मांगते दिखे, जिसका अर्थ है कि /"जब तक दान नहीं मिलेगा, तब तक हम यहां से नहीं हटेंगे। दान मिलने के बाद बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान दिखी, उसने पर्व की सार्थकता को और बढ़ा दिया। इस उत्सव के मौके पर विशेष रूप से सृष्टि पटेल, रुद्रांशी सिन्हा, पूर्वांश सिन्हा, अंजलि, झासवीन, अनन्या एवं उनके साथियों ने टोलियां बनाकर छेरछेरा मांगा और आनंद के साथ इस पारंपरिक त्योहार का लुत्फ उठाया। नई पीढ़ी द्वारा अपनी संस्कृति को इस जीवंत रूप में मनाना यह दर्शाता है कि आधुनिकता के दौर में भी छत्तीसगढ़ की जड़ें काफी गहरी हैं। यह पर्व न केवल दान की परंपरा को सहेजता है, बल्कि समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देता है।

जिला अस्पताल में उमड़ा जनसैलाब, युवाओं व पुलिसकर्मियों की रही सक्रिय भागीदारी

पुलिस की मानवीय पहल, एसपी सहित सैकड़ों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर गरियाबंद जिला पुलिस द्वारा जिला अस्पताल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह जिले में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित अब तक के सबसे बड़े और ऐतिहासिक रक्तदान अभियानों में से एक रहा, जिसने समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर व्यापक जागरूकता उत्पन्न की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्वयं पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने रक्तदान कर किया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेंद्र पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने भी रक्तदान कर आम नागरिकों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। शिविर में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर अभियान को सफल बनाया। शिविर के

दौरान जिला अस्पताल परिसर में रक्तदान के महत्व, इसकी आवश्यकता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा में इसकी भूमिका को लेकर जागरूकता संदेश भी दिए गए। पुलिस विभाग द्वारा किए गए इस मानवीय प्रयास की आम नागरिकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग द्वारा यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदान न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान भी है। पुलिस विभाग केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर परिस्थिति में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए इस अभियान में सहभागी सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित यह विशाल रक्तदान शिविर समाज के प्रति जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा गंभीर परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है। छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में इस प्रकार का आयोजन पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।